मिलेगा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, नवाबगंज, बाराबंकी

अल्पकालीन निविदा सूचना

पत्रांक: 3685 / मु0का0 / 2022–23 दिनांक : 23 / 3 / 2023

नगर पालिका परिषद, नवाबगंज, बाराबंकी के पंजीकृत ठेकेदारों तथा शासनादेश सं0–3890 / नौ–5–19–149सा0 / 2019 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 के अनुसार एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पालिका निधि / राज्य वित्त मे उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों की निविदायें दिनांक 31.03.2023 को इस पालिका परिषद् में रखे निविदा बाक्स में अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है उक्त निविदायें उसी दिवस में 3.00 बजे निविदादाताओं / प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में खोली जायेंगी। समस्त निविदा प्रपत्र दिनांक 29.03.2023 को अपरान्ह 2.00 बजे पालिका कार्यालय कोषागार मे निर्धारित धनराशि जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। उक्त तिथियों में अवकाश होने की दशा में अगला कार्य दिवस मान्य होगा। समस्त निविदाओं के साथ पृथक–पृथक 10% जमानत धनराशि का एफ0डी0आर0 / एन0एस0सी0 या अन्य प्रतिभूत प्रमाण–पत्र जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् नवाबगंज, बाराबंकी के पक्ष में बंधक हो, लगाना अनिवार्य होगा। कार्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि कोई भी अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताये अस्वीकृत / निरस्त कर दें जिसका कोई भी क्लेम निविदादाता का मान्य न होगा। प्रत्येक निविदा के साथ 100.00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र लगाना अनिवार्य होगा। निविदादाताओं को निविदा के साथ जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त नवीनतम् चरित्र प्रमाण–पत्र व हैसियत प्रमाण–पत्र, जी0एस0टी0 प्रमाण–पत्र, पै लगाना अनिवार्य होगा।

क्र.सं.	कार्य का नाम	व्ययानुमान	धरोहर धनराशि	टेण्डर शुल्क+ 18% जी0एस0टी0 +शासनादेश के अनुपालन में टेण्डर मूल्य	कार्यावधि
1.	नगर पालिका सीमान्तर्गत वार्ड दशहराबाग के ग्राम पैसार गाटा सं0–157 (मोहारीपुरवा) स्थित तालाब परिसर में गार्डरूम एवं यूरिनल ब्लाक का निर्माण कार्य।	803940.00	80500.00	809+146 + 250+45 =1250	1 माह
2.	लखनऊ–अयोध्या मुख्य मार्ग से जिलाधिकारी महोदय आवास सम्पर्क मार्ग की साइड पटरी पर इण्टरलाकिंग का कार्य।	697720.00	70000.00	703+126 + 250+45 =1124	1 माह

-: शर्तें :-

1. किसी भी टेस्टिंग पर आने वाले खर्च का वहन ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
2. निर्माण कार्यों हेतु निविदादाता निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व कार्य एवं कार्य स्थल के बारे में भली–भांति परिचित हो लें।
3. निविदा स्वीकृत होने की दशा में सम्बन्धित ठेकेदार को शीघ्र–अतिशीघ्र अनुबन्ध करना होगा।
4. निविदा प्रपत्र के साथ अद्यतन हैसियत व चरित्र प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा।
5. उ0प्र0 भवन और सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा शर्त विनियमन) नियमावली 2009 के अनुसार कार्य के निर्माण लागत का एक प्रतिशत की दर से उपकर (सेस) की धनराशि सम्बन्धित बोर्ड को स्थानान्तरित की जायेगी। जिसको समाविष्ट करते हुए निविदादाता अपनी निविदा दर अंकित करें।
6. शासनादेश सं0–622 / 23–12–2012–2आडिट / 08टी0सी0 दिनांक 08.06.2012 के निहित निर्देशानुसार कार्यों की विभागीय दरों से ठेकेदारों द्वारा 10 प्रतिशत तक कम दर डालने पर 0.5 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर तथा 10 प्रतिशत से अधिक कम दर डालने पर 01 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर के अनुरूप परफार्मेशन गारण्टी ली जायेगी। उक्त धनराशि अनुबन्ध के समय जमा करने की बाध्यता होगी।
7. ठेकेदार के नाम निर्माण कार्य स्वीकृत होने की दशा में ठेकेदार को भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम–1996 एवं तत्सम्बन्धित प्रदेश नियमावली–2009 के प्राविधानों के अन्तर्गत श्रमिक व निर्माण स्थल का पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।
8. शासनादेश संख्या–1319 / नौ–9–21–45ज / 21 नगर विकास अनुभाग–9 लखनऊ दिनांक 30 जून 2021 द्वारा जारी नगर पालिका परिषद में निर्माण / विकास कार्यों के क्रियान्वयन हेतु मानक संचालन प्रकिया (एस0ओ0पी0) में दिये गये निर्देशों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
नवाबगंज, बाराबंकी

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) प्रशासक
नगर पालिका परिषद
नवाबगंज, बाराबंकी

Scanned with OKEN Scanner